गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्रमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
दूरभाष : 07752–260003,260000

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
ntral University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
PH No. 07752-260003,260000

क्रमांक 380/परीक्षा/2021 बिलासपुर, दिनांक 25/11/2021

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
(अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी अध्ययनशाला सहित)
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र जमा कराये जाने के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

विषयांतर्गत विश्वविद्यालय पत्र क्रमांक 315/परीक्षा/यूटीडी/2021 बिलासपुर, दिनांक 13.10.2021 द्वारा जारी कार्यालयीय ज्ञाप के द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत् छात्रों के पंचम, सप्तम एवं नवम सेमेस्टर सत्र 2020–21 में ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि विलंब शुल्क रूपये 100.00 सहित दिनांक 30.10.2021 तक निर्धारित की गई थी । अधिकांश छात्रों ने अपने निर्धारित समय में ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से भर दिये है परन्तु 12 विभाग के कुछ छात्रों ने विलंब शुल्क रूपये 100.00 सहित दिनांक 30.10.2021 तक एवं तत्पश्चात् रूपये 100.00 प्रति दिन की दर से जमा कर समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र आज की तिथि में जमा कर चुके है।

**कोविड–19 को ध्यान में रखते हुये विषम सेमेस्टर के ऐसे सभी छात्र/छात्रा जो आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भर पाए हैं, के लिये विलंब शुल्क माफ किये जाने के विभागाध्यक्षों के सुझाव को मान्य करते हुये ऐसे सभी छात्रों को दिनांक 30.11.2021 तक अनिवार्य रूप से ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र जमा किये जाने हेतु समर्थ पोर्टल को पुनः खोला जा रहा है एवं संबंधित विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त जानकारी से संबंधित सभी छात्रों को अवगत कराये एवं निर्धारित समय में उनके ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरवाया जाना सुनिश्चित करें। जो छात्र ऑन परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरेंगे ऐसे छात्रों का परीक्षा परिणाम स्वयमेव निरस्त माना जायेगा।**

जो छात्र विलंब शुल्क जमा कर ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र जमा किये है उन सभी छात्रों का विलंब शुल्क/अतिरिक्त विलंब शुल्क का समायोजन अगले सत्र के प्रवेश के समय समायोजित कर शेष शुल्क ही छात्रों से लिया जाना है परन्तु छात्रों को इसके लिये ऑन लाईन विलंब शुल्क की ई–रसीद विभागाध्यक्ष को जमा कर उनके द्वारा अनुमोदन कराया जाना अनिवार्य होगा।

आदेशानुसार,
25-11-2021
(डॉ. सम्पूर्णानन्द झा)
उप कुलसचिव (परीक्षा)

पृ.क्रमांक 381/परीक्षा/2021 बिलासपुर, दिनांक 25/11/2021

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के सचिव एवं कुलसचिव के निज सहायक की ओर माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिव के सूचनार्थ प्रेषित।
2. वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव, अकादमी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर वेब पटल पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित ।
4. श्री के.के.राय/श्री सपल मार्टिन को सूचनार्थ एवं समर्थ पोर्टल को संबंधित छात्रों के लिये तत्काल खोले जाने की कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित ।
5. कार्यालय प्रति।

अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)